# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अप्रैल 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

## संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

**लॉक डाउन होने के कारण असहाय लोगों को घर पर ही मिल रही दवाई, सब्जियां एवं राशन सामग्री, वॉलिंटियर पहुंचा रहे हैं घरों तक सामग्री**

भिलाई नगर/ लॉक डाउन होने के कारण जो व्यक्ति घरों से बाहर नहीं निकल कर पा रहे हैं तथा जिन्हें राशन दवाई एवं सब्जियों की अत्यंत आवश्यकता है वह अब इस कार्य के लिए नियुक्त जोन के नोडल अधिकारी तथा वॉलिंटियर को सीधे संपर्क कर ऐसी सामग्री या प्राप्त कर सकते हैं! वॉलिंटियर के कार्य में कुछ महिलाएं भी शामिल है जो इस कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रही है! जैसे ही लोगों से मांग की सूची प्राप्त होता है वैसे ही वॉलिंटियर तत्काल रुप से सेवा देने के लिए सतर्क हो जाते हैं और सामग्री घरों तक पहुंचा देते हैं! लोगों ने भी कहा शुक्रिया वॉलिंटियर इस कठिन परिस्थिति में घर पहुंच सेवा मिल रही है! वार्ड 10 शांति नगर में सब्जी, वार्ड क्रमांक 26 में राशन, जोन क्रमांक 3 छेत्र के सेक्टर 2 में राशन सामग्री, वार्ड क्रमांक 50 एवं वार्ड क्रमांक 23 में राशन सामग्री पहुंचाई गई, जोन क्रमांक 4 क्षेत्र के खुर्सीपार में ठेला चलाने वाले लोगों को वॉलिंटियर के द्वारा राशन पहुंचाया गया, जोन क्रमांक 5 क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 65 सड़क नंबर 29, वार्ड नंबर 67, सेक्टर 2 एवं सेक्टर 6 में राशन सामग्री वालंटियर द्वारा पहुंचाई गई





व्हीकल माउंटेन द्वारा कराया जा रहा है निगम क्षेत्रों में फागिंग, सघन गली मोहल्लों में हैंड फागिंग मशीन का उपयोग

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 शांति नगर, चंद्रनगर, विवेकानंद कॉलोनी, यादव पारा, पुराना शिव मंदिर तथा वार्ड 11 अंबेडकर नगर मे गांधीनगर मुख्य मार्ग, अंबेडकर चौक से स्टेट बैंक मुख्य मार्ग, इंदिरा चौक, गांधीनगर, अंबेडकर बस्ती मुख्य मार्ग, महावीर मार्ग के क्षेत्रों में वृहद रूप से व्हीकल माउंटेन के माध्यम से फागिंग कराया गया! प्रतिदिन निगम के क्षेत्रों में फागिंग का कार्य कराया जा रहा है! शाम होते ही व्हीकल माउंटेन की वाहनों से एवं सघन गलियों में हैंड फागिंग मशीन के माध्यम से फागिंग किया जाता है! मिनीमाता चौक, वार्ड क्रमांक 6 के इंदिरा नगर, शंकर पारा, ठेठवार पारा, जानकी लाइन, ललित कबाड़ी के घर के समीप, रावण भाटा सुपेला, राम मंदिर रोड, भगत सिंह चौक के आसपास, चिंगरी पारा, वार्ड क्रमांक 7 के फरीदनगर, मैत्री विहार, शिवाजी नगर, अय्यप्पा नगर, हुडको के शहीद कौशल वीर नारायण उत्तर एवं शहीद कौशल वीर नारायण दक्षिण के क्षेत्रों में फागिंग कराई जा चुकी है!





# बैकुंठ धाम मंदिर के पास लगने लगा आकाशगंगा का होलसेल मार्केट, फुटकर व्यापारियों के लिए सर्कस मैदान सहित राधिका नगर का मैदान हुआ तैयार

भिलाई नगर/ आकाशगंगा में लगने वाले होलसेल मार्केट को बैकुंठ धाम मंदिर के समीप स्थित खाली मैदान में शिफ्ट किया गया है जहां पर लेआउट तैयार कर चुना मार्किंग कर दी गई है! आज से आकाशगंगा का होलसेल मार्केट बैकुंठ धाम मंदिर के समीप स्थित स्थल में लगने लगा है, मंडी समिति के अध्यक्ष जानसिंह द्वारा सब्जी विक्रेताओं की सूची प्रदाय किए जाने के पश्चात इनकी आईडी जारी की जा रही है ताकि कोई बाहरी विक्रेता यहां पर आकर व्यवसाय न कर सके वाहनों के आवागमन को देखते हुए फुटकर सब्जी विक्रेताओं को भी यहां पर विक्रय करने की इजाजत नहीं होगी केवल होलसेल सब्जी विक्रेता जो आकाशगंगा से शिफ्ट हुए हैं वही अस्थाई तौर पर इस स्थल का उपयोग कर सकेंगे! मंडी समिति के अध्यक्ष एवं निगम के अधिकारियों का संयुक्त हस्ताक्षर से पहचान पत्र जारी किया जा रहा है! लॉक डाउन के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने तथा सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने के लिए बाजार को शिफ्ट करने का निर्णय संयुक्त रूप से लिया गया है!



# सैनिटाइजिंग कार्य के लिए घरों तक पहुंच रहे निगम के स्वच्छता कर्मचारी

भिलाईनगर / कोविड 19 नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु निगम क्षेत्र में सैनिटाइजिंग का कार्य निरंजर जारी है, निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला वार्डों के गली मोहल्लों के घर, आवश्यक सेवा वाले दुकान, बाजार क्षेत्र को टैंकर एवं हैन्ड स्प्रे के द्वारा सैनेटाइज का कार्य प्रतिदिन कर रहे हैं। भिलाई निगम के सभी जोन कार्यालयों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीम कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु क्षेत्र के वार्डों में सोडियम हाइपोक्लोराइड से दुकानों के शटर, बाजार क्षेत्र, घरों, खिड़की, दरवाजे, फर्नीचर तथा बाजार व घर के आस-पास सहित जोन के 58 कर्मचारियों ने 2064 स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव टैंकर गाड़ी व हैन्ड स्प्रे के माध्यम से सेनेटाइज करने का कार्य किया गया! निगम का स्वास्थ्य अमला लोगों को बता रहे है कोरोना का संक्रमण एक दूसरे से फैलता है इससे बचाव के लिए हाथों को समय-समय पर हैंडवॉश/सेनेटाइज करते रहे तथा एक दूसरे से सोशल डिस्टेंस बनाते हुए कम से कम 1 मीटर की दूरी पर रहे।





## पीलिया बीमारी से बचाव के तहत पानी के शुद्धिकरण के लिए क्लोरीन टैबलेट वितरण कर इसके उपयोग की नागरिकों को दे रहे जानकारी

भिलाईनगर/ जल जनित बीमारी पीलिया से बचाव के लिए निगम द्वारा क्लोरीन टेबलेट वितरण कर इसके उपयोग की जानकारी नागरिकों को दी जा रही है! निगम क्षेत्र में डेंगू से बचाव हेतु मलेरिया आॅयल व मैलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है तथा निगम की टीम एवं मितानीनें घरों में जाकर सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों को तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दे रही है भिलाई निगम के सभी जोन कार्यालयों के स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा पीलिया जैसी जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए जोन क. 01 के 809 घरों में 8070 क्लोरीन टैबलेट, जोन कं.02 में 500 घरों में 3000 नग क्लोरीन टैबलेट, जोन कं. 03 के 340 घरों में 1880 नग क्लोरीन टैबलेट तथा जोन कं. 04 के 580 घरों में 4400 नग क्लोरीन टैबलेट वार्डों में आज घर-घर जाकर पानी की शुद्धता के लिए वितरण किया गया साथ ही बताया गया कि उबला हुआ तथा साफ छना हुआ पानी ही पीये ताकि किसी प्रकार से जलजनित बीमारी न हो। निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड -17 वृन्दानगर अन्तर्गत आन्ध्रा स्कूल, शिव हनुमान मंदिर, आंगनबाड़ी केंद्र, मितानिन निवास के आसपास, स्पेयर द्वारा मच्छर उन्मूलन हेतु फाॅगिंग कराया गया।







नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम क्षेत्र में कैनाल एवं तालाबों की हो रही है सफाई

भिलाईनगर/ भिलाई निगम द्वारा तालाबों की सफाई कराई जा रही है। ग्रीष्म ऋतु में आमजन को निस्तारी की समस्या न हो तथा आसपास के क्षेत्रों का वाटर लेवल बना रहे इसके लिए निगम क्षेत्र के तालाबों से झिल्ली, पन्नी व कचरे को निकाला जा रहा है एवं बड़े नालों की सफाई की जा रही है ताकि चयनित तालाबों को भरा जा सके। कुछ जोन में कैनाल की सफाई कार्य शुरू हो गया है ताकि जल प्रवाह में रुकावट न हो! जलभराव पश्चात जल शुद्धिकरण के लिए एलम आदि की व्यवस्था की जा चुकी है! भिलाई निगम क्षेत्र के लोगों के निस्तारी की व्यवस्था को बेहतर बनाने निगम प्रशासन द्वारा जोन क्षेत्रों के कैनाल एवं तालाबों के आसपास की सफाई कराई जा रही है! जोन के स्वच्छता अधिकारियों ने बताया कि तालाबों के आसपास फैली गंदगी, झिल्ली, पन्नी व अन्य कचरे को निकाला जा रहा है। इसके अलावा आवागमन के लिए तालाब के समीप के स्थलों सफाई किया जा रहा है! वार्ड 28 के दर्री तालाब, वार्ड 21 श्यामनगर, वार्ड 27 के घासीदास नगर तालाब में जलभराव के लिए जोन द्वारा कार्य कराया जा रहा है। निगम क्षेत्र के तालाबों में जलभराव के लिए केनाल की भी सफाई कराई जा रही है।






## डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए राशन सामग्री सहित सब्जियों का भी किया जा रहा दान

भिलाई नगर। डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए दान देने वाले आम नागरिक, समाजसेवी, संगठन अब हरी साग सब्जियां भी देने लगे हैं। दान के जरिए प्राप्त होने वाले इन हरी सब्जियों को आश्रय स्थल व राहत शिविरों में पहुंचाया जा रहा है। सेक्टर 05 सड़क 27 निवासी अजय वर्मा ने 19 किलों चांवल, 2 किलो दाल 10 किलो आटा सहायता हेतु आज प्रदान किया। इसके अलावा यादव समाज भिलाई के सुरेंद्र यादव द्वारा लगभग 5 क्विंटल हरी सब्जियां प्रदान की गई है जिसमें केला, लौकी, कुम्हड़ा और मुनगा आदि था। इन सब्जियों को आकाशगंगा, प्रियदर्शनी परिसर, नेहरू भवन आमोद भवन व वैशालीनगर सांस्कृतिक भवन में रूके हुए व्यक्तियों के भोजन हेतु पहुंचाया गया। ऐसे लोगों के लिए किसी भी प्रकार की सहायता देने के लिए डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की मदद ले सकते हैं साथ ही निगम के हेल्पलाइन नंबर 6260008819, 9907878744 एवं 9109176812 पर संपर्क करके वाहन को अपने घर तक दान करने के लिए बुलाया जा सकता है। । निगम प्राप्त राशन सामग्रियों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।



**चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच लगा आकाश गंगा सब्जी मंडी, निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद, नियमों का पालन नहीं करने वाले पर लगाया गया जुर्माना**

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अकाश गंगा सब्जी मंडी में प्रातः 3:30 बजे से निगम के अधिकारी/कर्मचारी सुरक्षा गार्ड एवं पुलिस प्रशासन व्यवस्था बनाने के लिए मौजूद हो गए थे! आकाशगंगा सब्जी मंडी में चारों ओर से आवाजाही रहती है थोक मंडी में सब्जी लेने आने वाले वाहनों को प्रवेश नहीं दिया गया बल्कि वाहनों को पार्किंग स्थल पर लगाने टीम मुस्तैद रही! कल आकाशगंगा सब्जी मंडी में व्यवस्था बनाने के लिए आवाजाही बाधित करने वालों के शेड एवं सामग्रियों को तोड़फोड़ दस्ता की टीम द्वारा हटाया गया था तथा जुर्माना भी लिया गया था! आज 2 लोगों से आवाजाही बाधित करने एवं सड़क पर ही सब्जी का फुटकर व्यवसाय करने तथा सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं करने पर मोहन साहू एवं सुरेश सिंह प्रत्येक से 5000 रुपए जुर्माना वसूला किया गया!





**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

**नगर पालिक निगम भिलाई**